नोएडा › बुधवार, 21 अक्टूबर 2020 › आश्विन 29 शक संवत 1942 आश्विन शुक्ल पंचमी विक्रम संवत 2077 YOUNG INDIA > YOUNG PAPER पेज 20* › मूल्य 3.00 या 7.00* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

देवी स्कंदमाता की पूजा आज
देखें अंदर

पीएम ने चेताया, लॉकडाउन गया है, वायरस नहीं
देखें अंदर

यीडा में बिना जमीन खरीदे लगा सकेंगे अपना उद्योग

यमुना अथॉरिटी बिल्डिंग व शेल्टर तैयार कर किराये पर देगी

■ विशेष संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

यमुना अथॉरिटी एरिया (यीडा) में अब बगैर जमीन खरीदे भी उद्योग लगाए जा सकेंगे। इसके लिए अथॉरिटी खुद बिल्डिंग और शेल्टर का निर्माण कराएगी। उद्योग चलाने के लिए इन्हें किराये पर दिया जाएगा। ऐसे में यहां उद्योग चलाने की प्लानिंग कर रहे लोगों को तुरंत काम शुरू करने का मौका मिल सकेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

उद्यमी अभी उद्योग चलाने के लिए अथॉरिटी से जमीन आवंटित कराते हैं। उसके बाद उस पर निर्माण कार्य कराया जाता है। आवंटन और निर्माण कर कंप्लीशन लेने में 3 से 5 साल तक का समय लग जाता है। इसके अलावा करोड़ों रुपये जमीन खरीदने और उस पर निर्माण करने में ही खर्च हो जाते हैं। लिहाजा उद्यमी का बजट काफी बढ़ जाता है और समय भी अधिक लगता है। अथॉरिटी ने यमुना एरिया में बड़ी संख्या में इंडस्ट्रीज को जमीन आवंटित की है। नियम के अनुसार, इन उद्यमियों को 5 साल के अंदर निर्माण कार्य कर कंपनी चालू करनी होगी। ऐसा न करने पर आवंटन निरस्त भी किया जा सकता है।

रोजगार के अवसर पैदा होंगे

अथॉरिटी अधिकारियों के अनुसार इससे फायदा यह होगा कि उद्यमी तुरंत उत्पादन शुरू कर सकेंगे और लोगों को रोजगार भी जल्द ही मिल सकेगा। उद्यमियों को भारी भरकम बजट से भी मुक्ति मिल सकेगी। इसके तहत अथॉरिटी उद्यमियों से कंपनी चलाने के लिए 10 से 15 साल का करार करेगी। यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि किराए पर शेल्टर आदि देकर उद्यमियों को तुरंत उद्योग शुरू करने की सुविधा देने की प्लानिंग की जा रही है। इसका प्रस्ताव तैयार हो रहा है। प्रस्ताव को शासन के पास भेजा जाएगा। साथ ही अथॉरिटी अपनी बोर्ड बैठक में भी इस प्रस्ताव को पास कराएगी। उसके बाद उद्यमियों को यहां उद्योग शुरू करना आसान हो जाएगा।

1. उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को नहीं करना होगा इंतजार
2. यमुना अथॉरिटी बोर्ड बैठक में इस संबंध में लाएगी प्रस्ताव

उद्यमियों को दिया जाएगा विकल्प

जमीन आवंटन और निर्माण आदि की लंबी और खर्चीली प्रक्रियाओं से बचाने के लिए यमुना अथॉरिटी रेडी टू मूव इंडस्ट्री का कॉन्सेप्ट लेकर आ रही है। अथॉरिटी उद्यमियों को विकल्प देगी की वह किराए पर शेल्टर या बिल्डिंग लेकर अपना उद्योग शुरू कर सकें। अथॉरिटी बिल्डिंग और शेल्टर उद्योग चलाने के लिए उद्यमियों को मुहैया कराएगी। इसके लिए अपनी जमीन पर उद्योगों के लिहाज से शेल्टर वे इमारतें तैयार कराएगी। किराए पर सेल टावर बिल्डिंग देकर उद्योग शुरू कराने की योजना 1 साल पहले ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने भी बनाई थी। हालांकि इस पर अभी अमल नहीं हो सका है।

“ किराये पर शेल्टर आदि देकर उद्यमियों को तुरंत उद्योग शुरू करने की सुविधा देने की प्लानिंग की जा रही है। अथॉरिटी अपनी बोर्ड बैठक में भी इस प्रस्ताव को पास कराएगी। उसके बाद उद्यमियों को यहां उद्योग शुरू करना आसान हो जाएगा।

- डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना अथॉरिटी

बड़े औद्योगिक प्लॉट की स्कीम जल्द लाएगी नोएडा अथॉरिटी

स्कीम लॉन्च होने के दो महीने के अंदर आवंटन पूरा होगा

■ नगर संवाददाता, नोएडा

कोरोना काल में भी शहर में औद्योगिक विकास के लिए नोएडा अथॉरिटी लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में इंडस्ट्रियल प्लॉट की एक और स्कीम लाने जा रही है। यह स्कीम बड़ी इंडस्ट्रियों की होगी। माना जा रहा है कि सभी प्लॉट 5 एकड़ से बड़े क्षेत्रफल के अलग-अलग सेक्टर में होंगे। इस स्कीम के तहत आने वाले प्लॉट की संख्या 20 होगी। स्कीम नवंबर में लॉन्च करने की तैयारी है। इसके बाद एक-दो महीने के अंदर आवंटन पूरा किया जाएगा। बड़ी इंडस्ट्रियां आने से शहर में निवेश बढ़ेगा इसके साथ ही रोजगार के नए मौके आएंगे। स्कीम की तैयारी अथॉरिटी के औद्योगिक विभाग ने शुरू कर दी है।

तैयारी पूरी

- सभी प्लॉट 5 एकड़ से बड़े क्षेत्रफल के अलग-अलग सेक्टर में होंगे
- स्कीम के तहत आने वाले प्लॉट की संख्या 20 के करीब होगी
- स्कीम नवंबर में लॉन्च करने की तैयारी है
- अथॉरिटी की पिछली 93 इंडस्ट्रियल प्लॉट की स्कीम भी हिट हुई है

अथॉरिटी की पिछली 93 इंडस्ट्रियल प्लॉट की स्कीम भी हिट गई थी। उस स्कीम में करीब 4500 आवेदन आए थे।